**Ref.:- IOAGPL/PIPELINE/UK/UDHAMSINGH NAGAR/FOREST/07** **Date:- 11.11.2022**

**सेवा में,**

**प्रभागीय वनाधिकारी,**
**तराई केन्द्रीय वन प्रभाग,**
**रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर,**
**उत्तराखण्ड।**

**विषयः** जनपद ऊधमसिंह नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–74 (रूद्रपुर–किच्छा मार्ग (बायीं पटरी)) के कि.मी. 221.150 से कि.मी. 227.200 कुल लम्बाई 6.05 कि.मी. एवं 0.3025 हे0 तक सड़क के किनारे पर ओपन ट्रेंच/एच.डी.डी. तकनीक के माध्यम से भूमिगत 8'' व्यास की कार्बन स्टील गैस पाइपलाइन बिछाए जाने हेतु अनुमति प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में। ऑनलाईन प्रस्ताव सख्याः FP/UK/Pipeline/148743/2021, dated 25/10/2021.

**सन्दर्भः** आपका पत्रांक संख्या– 783 शि0/12–1 रूद्रपुर, दिनांक– 29.10.2022 व अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, देहरादून का पत्रांक संख्या– 1103/FP/UK/Pipeline/148743/2021 देहरादून, दिनांक– 25.10.2022।

**महोदय,**

उपरोक्त संदर्भित पत्रों के क्रम में अवगत कराना है कि प्रस्ताव में लगायी गयी अपत्तियों का निराकरण निम्नवत् है।

| क्रम संख्या | प्रस्ताव में लगायी गयी आपत्तियॉं | आपत्तियों का निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव पूर्णतः बाईडिंग कर उपलब्ध कराया जाये। | प्रस्ताव की समस्त प्रतियों को पूर्णतः बाईडिंग कर दिया गया है। |
| 2 | प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा भरे जाने वाले पार्ट–2 में हरियाली का घनत्व अंकित नहीं किया गया है। | विभागीय स्तर से निस्तारण संबधी। |
| 3 | प्रस्ताव में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मूल प्रति में संलग्न करने का कष्ट करें। | प्रस्ताव में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर दी गयी है। |
| 4 | प्रस्तावित परियोजना हेतु सम्बन्धित प्रयोक्ता एजेन्सी एवं शासन के बीच किये गये समझौता ज्ञापन की प्रति संलग्न करने का कष्ट करें। | प्रस्तावित परियोजना हेतु, पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड, भारत सरकार के साथ किये गये समझौता ज्ञापन की स्वप्रमाणित प्रति प्रस्ताव में संलग्न कर दी गयी है। |
| 5 | प्रस्ताव में संलग्न मानचित्र स्पष्ट नहीं है। कृप्या मानचित्रों की मूल एवं स्वच्छ प्रति प्रस्ताव में संलग्न करें। | मानचित्रों की मूल एवं स्वच्छ प्रति प्रस्ताव में संलग्न कर दी गयी है। |
| 6 | प्रस्ताव में ऑनलाईन भरे गये पैरा–E में परियोजना निर्माण से 10 पद सृजित होना अंकित किया गया है। कृपया स्पष्ट करें कि क्या परियोजना निर्माण से वास्तविक रूप से 10 पदों का सृजन हो रहा है अथवा नहीं, उक्त सम्बन्ध में स्पष्ट सूचना प्रेषित करने का करें। | प्रस्ताव में ऑनलाईन भरे गये पैरा–E में परियोजना निर्माण से 10 पद सृजित होना त्रुटीवश अंकित हो गया था जिसे अब सही करके 0 पद कर दिया गया है। परियोजना का कार्य पूर्णतः अनुबंध के आधार पर दिया जाना है, अतः स्थायी पदों का सृजन 0 है एवं अस्थायी पदों का सृजन 61 है। |

अतः आप से निवेदन है कि प्रस्ताव के क्रम में अग्रेतर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**भवदीय,**
**कृते इंडियन ऑयल–अडानी गैस प्रा0 लि0**

Sudhank Saxena
Asset Head
Udham Singh Nagar
Indian Oil -Adani Gas Pvt. Ltd.
**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**